संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र., भोपाल
Directorate, Urban Administration & Development, M.P., Bhopal
Palika Bhawan, Near 6 No. Bus Stop
Shivaji Nagar, Bhopal – 462016
Tel. 0755-2555005 Fax 0755-2555005
Website: www.mpurban.gov.in

क्र0. /UADD/ईनपा/2023/4063 भोपाल, दिनांकः 07/03/2023

प्रति,

1. आयुक्त,
   नगरपालिक निगम (समस्त)

2. मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
   नगर पालिका परिषद/नगर परिषद (समस्त)
   मध्यप्रदेश।

विषयः– Call before you Dig (CBuD) App के संबंध में दिशा निर्देश।
संदर्भः– प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का पत्र क्रमांक–SNT /10/0008/2021/41-2, भोपाल दिनांक 01.03.2023 ।

––00––

कृपया संदर्भित पत्र अनुसार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश तथा भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। उपरोक्त पत्र के माध्यम से भारत सरकार, दूरसंचार मंत्रालय के निर्देशानुसार खुदाई से संबंधित समस्त विभागों को भारत सरकार के Call before you Dig (CBuD) App में जिला स्तर के सभी अधिकारियों का पंजीयन कराने एवं विभाग अंतर्गत खुदाई करने वाली समस्त एजेंसियों का पंजीयन कराने हेतु निर्देशित किया गया है। विभाग स्तर पर समस्त संभागीय कार्यालयों तथा समस्त नगरीय निकायों के संबंधित अधिकारियों का Call before you Dig (CBuD) App पर पंजीयन करवा दिया गया है तथा विभाग अंतर्गत खुदाई करने वाली समस्त एजेंसियों का पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि आपके निकाय अंतर्गत खुदाई करने वाली समस्त एजेंसियों का Call before you Dig (CBuD) App पर पंजीयन कराया जाना सुनिश्चित करें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि खुदाई की अनुमति दिये जाने के पश्चात समस्त खुदाई करने वाली एजेंसी द्वारा Call before you Dig (CBuD) App पर सूचना प्रदान करने के पश्चात ही खुदाई का कार्य प्रारंभ करे। उपरोक्त के संबंध में किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता हेतु श्री सुशीम श्रीवास्तव, (डिप्टी टीम लीडर) मोबाईल नम्बर 7987111672 से संपर्क करें।

संलग्न–उपरोक्तानुसार

(अवधेश शर्मा)
अपर आयुक्त
नगरीय प्रशासन एवं विकास

पृष्ठां. क्र./UADD/ईनपा/2023/4064 भोपाल, दिनांकः 07/03/2023

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास की ओर सूचनार्थ।
3. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश, स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, स्टेट डाटा सेंटर भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. संभागीय संयुक्त संचालक/कार्यपालन यंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अपर आयुक्त
नगरीय प्रशासन एवं विकास